**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose University celebrated Parakram Divas on Netaji's birth anniversary


Deepti Arora
info@impressivetimes.com


**FARIDABAD:** The 126th birth anniversary of Netaji Subhash Chandra Bose was celebrated as Parakram Divas by the Department of Communication and Media Technology, J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad. On this occasion, Netaji's portrait was installed at the Golden Jubilee Gate of the University, where students, teachers, and staff paid floral tributes to Netaji. Registrar Dr. Sunil Kumar Garg, Dean Institution Pro. Sandeep Grover, Director Youth Affairs Prof. Pradeep Dimri, and Head of Department Dr. Pawan Singh also participated in the program and paid floral tributes on the portrait of Netaji and remembered him on his birth anniversary. A discussion was also organized by the students of Social Work and Journalism on Netaji's life and his contribution to the freedom struggle, which was coordinated by the department's students Khushi and Sahil Kaushik. During this, important facts related to Netaji and interesting incidents of his life were shared with the students in the University campus. The program format was a quiz, in which the participants who answered correctly were presented with a book based on the life of Netaji as a prize. Patriotic poems and songs created a lot of spark in the program.




**A DISCUSSION WAS ALSO ORGANIZED BY THE STUDENTS OF SOCIAL WORK AND JOURNALISM ON NETAJI'S LIFE AND HIS CONTRIBUTION TO THE FREEDOM STRUGGLE, WHICH WAS COORDINATED BY THE DEPARTMENT'S STUDENTS KHUSHI AND SAHIL KAUSHIK.**

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

## PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में मनाया गया पराक्रम दिवस

फरीदाबाद, 23 जनवरी (सूरजमल/पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, वाईएमसीए, फ रीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार पर नेताजी का चित्र स्थापित किया गया। जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने नेताजी को पुष्पांजलि की गई। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, निदेशक युवा मामले प्रो. प्रदीप डिमरी, डीन इंस्टीट्यूशन प्रो. संदीप ग्रोवर और विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह भी नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया।




*पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी।*

नेताजी के जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर सामाजिक कार्य एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों द्वारा एक चर्चा का आयोजन भी किया गया, जिसे विभाग की छात्रा खुशी और छात्र साहिल कौशिक द्वारा संयोजित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के साथ नेताजी से संबंधित अहम तथ्यों एवं उनके जीवन की रोचक घटनाओं का साझा किया गया। कार्यक्रम का स्वरूप प्रश्नोत्तरी रहा, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नेताजी के जीवन पर आधारित पुस्तक भेंट की गई। कार्यक्रम में देशभक्ति की कविता और गीतों ने खूब समां बांधा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रृंखलाबद्ध रूप से कई गुमनाम नायकों की अनकही कहानियों को लोगों तक पहुंचा चुका है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

# REPCO NEWS

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में मनाया गया पराक्रम दिवस

**फरीदाबाद, 23 जनवरी (रैपको न्यूज़/नरेश नरूला)।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में



मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार पर नेताजी का चित्र स्थापित किया गया, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने नेताजी को पुष्पांजलि की गई। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, निदेशक युवा मामले प्रो. प्रदीप डिमरी, डीन इंस्टीट्यूशन प्रो. संदीप ग्रोवर और विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह भी नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया।

नेताजी के जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर सामाजिक कार्य एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों द्वारा एक चर्चा का आयोजन भी किया गया, जिसे विभाग की छात्रा खुशी और छात्र साहिल कौशिक द्वारा संयोजित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के साथ नेताजी से संबंधित अहम तथ्यों एवं उनके जीवन की रोचक घटनाओं का साझा किया गया। कार्यक्रम का स्वरूप प्रश्नोत्तरी रहा, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नेताजी के जीवन पर आधारित पुस्तक भेंट की गई। कार्यक्रम में देशभक्ति की कविता और गीतों ने खूब समां बांधा।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रृंखलाबद्ध रूप से कई गुमनाम नायकों की अनकही कहानियों को लोगों तक पहुंचा चुका है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

# AMAR UJALA

## नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मनाया पराक्रम दिवस

### शहर में जगह-जगह कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। शहर में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर याद किया।

जेसी बोंस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार पर नेताजी का चित्र स्थापित किया गया। जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, निदेशक युवा मामलें प्रो. प्रदीप डिमरी, डीन इंस्टीट्यूशन प्रो. संदीप ग्रोवर और विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह भी नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया।



फरीदाबाद जेसीबोस वाईएमसीए में नेताजी की जयंती मनाई गई। संवाद

**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

# NAVBHARAT TIMES




## पुस्तकें भेंट की

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के संचार व मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने पराक्रम दिवस मनाया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में नेताजी के जीवन पर आधारित पुस्तक भेंट की गई। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, प्रफेसर प्रदीप डिमरी, डीन इंस्टीट्यूशन प्रफेसर संदीप ग्रोवर व विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मौजूद रहे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

# HINDUSTAN

## विश्वविद्यालय में पराक्रम दिवस मना

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।

नेताजी के जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर सामाजिक कार्य एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों द्वारा एक चर्चा का आयोजन भी किया गया। इसे विभाग की छात्रा खुशी और छात्र साहिल कौशिक द्वारा संयोजित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के साथ नेताजी से संबंधित अहम तथ्यों एवं उनके जीवन की रोचक घटनाओं का साझा किया गया। कार्यक्रम का स्वरूप प्रश्नोत्तरी रहा, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नेताजी के जीवन पर आधारित पुस्तक भेंट की गई।

**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

# PIONEER

## जेसी बोस में मनाया पराक्रम दिवस

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार पर नेताजी का चित्र स्थापित किया गया, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने नेताजी को पुष्पांजलि की गई। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, निदेशक युवा मामले प्रो. प्रदीप डिमरी, डीन इंस्टीट्यूशन प्रो. संदीप ग्रोवर और विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह भी नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया। नेताजी के जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर सामाजिक कार्य एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों द्वारा एक चर्चा का आयोजन भी किया गया, जिसे विभाग की छात्रा खुशी और छात्र साहिल कौशिक द्वारा संयोजित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के साथ नेताजी से संबंधित अहम तथ्यों एवं उनके जीवन की रोचक घटनाओं का साझा किया गया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

# REPCO NEWS

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को ट्रिपल प्वाइंट एंगल ड्रिलज् की खोज के लिए पेटेंट मिला



**फरीदाबाद, 23 जनवरी (रैपको न्यूज़)।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को 'ट्रिपल प्वाइंट एंगल्ड ड्रिल' के आविष्कार के लिए पेटेंट मिला है। ट्रिपल प्वाइंट एंगल्ड ड्रिल का उपयोग ड्रिलिंग मशीन को बेहतर बनाने में किया गया है। इस आविष्कार के पेटेंट में विश्वविद्यालय का सहयोगी संस्थान आईआईटी दिल्ली है। यह खोज विनिर्माण उद्योग से संबंधित है जिसके परिणामस्वरूप खोजकर्ताओं ने उत्पादकता में वृद्धि का दावा किया है। विश्वविद्यालय को पेटेंट दिलाने में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर तिलक राज और डॉ. भास्कर नागर और वाईएमसीए इंजीनियरिंग संस्थान के पूर्व संकाय सदस्य प्रो. रविशंकर जोकि जो अब आईआईटी, दिल्ली के प्रबंधन अध्ययन विभाग में प्रोफेसर है, का योगदान रहा। विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में आज कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पेटेंट के लिए सभी खोजकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक (आर एंड डी) प्रो. नरेश चौहान, सभी डीन एवं विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय के नाम पर ऐसे पेटेंट प्राप्त होना जिसका सीधा संबंध एवं व्यवहारिकता विनिर्माण उद्योगों से जुड़ी है, गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र, खासकर विनिर्माण क्षेत्र जिसे देश के आर्थिक विकास की रीढ़ माना जाता है, अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थानों से ऐसे व्यावहारिक समाधानों की उम्मीद करता है।

**NEWS CLIPPING:24.01.2023**

# REPCO NEWS

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के साथ समझौता किया

**फरीदाबाद, 23 जनवरी (रैपको न्यूज़)।** विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज भारत विकास परिषद के अंतर्गत डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र, फरीदाबाद के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है।

समझौता पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग और डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र, फरीदाबाद में अस्पताल प्रबंधन समिति के चेयरमैन राज कुमार अग्रवाल ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और केंद्र के चिकित्सा निदेशक डॉ. रमेश अग्रवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निदेशक (आर एंड डी) प्रो. नरेश चैहान, सभी डीन और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री राज कुमार अग्रवाल ने कहा कि डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र, फरीदाबाद भारत विकास परिषद की एक पहल है, जिसका उद्देश्य समाज, विशेष रूप से जरूरतमंद और वंचित लोगों को सस्ती स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने अवगत कराया कि समझौते के तहत केंद्र विद्यार्थियों और कर्मचारियों को किफायती दरों पर डे-केयर और डायग्नॉस्टिक सुविधाएं प्रदान करेगा। साथ ही, विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए केन्द्र द्वारा मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन की सुविधा निःशुल्क एवं अन्य चिकित्सालय की सुविधाएं को 50 प्रतिशत रियायती दर पर प्रदान की जायेगी। इसके अलावा, केंद्र के विशेषज्ञ




चिकित्सक विश्वविद्यालय में निवारक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

कुलपति प्रो. तोमर ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के कल्याण के लिए समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस समझौते का दायरा सामाजिक पहलुओं तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षणिक विकास की संभावनाओं का पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीव विज्ञान और सामाजिक कार्य के पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पदाधिकारी प्रदीप पड़िया, राकेश गुप्ता, दिनेश गर्ग, अरुण गुप्ता, अंजन दास इत्यादि उपस्थित थे।